CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:11 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 87 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 20 सितम्बर 2025

ट्विंकल खन्ना के साथ मूवी डेट पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कंपनी के सुपरवाइजर की अभद्रता से महिला बेहोश होकर गिरी, हड़कंप

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत महिला सुपरवाइजर की अभद्रता से बेहोश होकर गिर गई। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। सुपरवाइजर पर महिला से गाली गलौज कर परेशान करने का भी आरोप है। मामला सिडकुल पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने पीड़िता को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शनिवार को कांग्रेस नेता हरीश पनेरू समेत तमाम लोग सिडकुल चौकी पहुंचे। उन्होंने सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह को बताया कि पतलोट नैनीताल निवासी रुद्रपुर में किराए में रहती है। वह सिडकुल की एक कंपनी में डेढ़ साल से काम करती है। आरोप है कि शक्रवार को कंपनी में ही सुपरवाइजर ने उसे धमकाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही गाली गलौज की। इस पर वह सदमे में आकर बेहोश हो गई। बावजूद इसके कंपनी के किसी भी जिम्मेदार ने उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया। उन्होंने पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है, इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### लव जिहादी के खिलाफ मुकदमा दर्ज, किशोरी का पीछा कर जबरन धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस क्षेत्र में लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी पर किशोरी का पीछा कर उससे छेड़छाड़ व जबरन धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि पहाड़गंज निवासी सुवेब अंसारी पुत्र शानू अंसारी उसका पीछा करता है और उस पर धर्मांतरण को दबाव बना रहा। पीड़िता ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसे युवक से भय है। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मुख्यमंत्री धामी खटीमा से जनपद चमोली के लिए हुए रवाना

**खटीमा**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यक्रमानुसार शनिवार सुबह खटीमा से चमोली के लिए हुए रवाना हो गए।सीएम धामी ने अपने निजी आवास नगला तराई व हेलीपेड लोहियाहेड में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर सीएम धामी पहुंचे ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए समस्याओं का निस्तारण हो। । इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, फरजाना बेगम,पूर्व विधायक



राजेश शुक्ला , पूर्व मेयर रामपाल सिंह,भवानी भंडारी, सतीश भट्ट ,जीवन धामी, अमरजीत सिंह, कुलपति जीबी पंत विश्वविद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान, डीएम नितिन सिंह भदौरिया,एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम कस्तूभ मिश्रा ,एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी समेत अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। बता दें कि सीएम धामी शुक्रवार को खटीमा पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने जनप्रतिनिधि समेत क्षेत्र की जनता से मुलाकात की।

### जनता से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं

शुक्रवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हेलीपेड व कैंप कार्यालय लोहियाहेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों,जनता ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हेलीपेड व कैंप कार्यालय में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। सीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के लिए निस्तारण को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष अजय मौर्य,पंचायत अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी,महापौर रूद्रपुर विकास शर्मा,जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सतीश गोयल,जीवन धामी,रविन्द्र राणा,डीएम नितिन सिंह भदौरिया,एसएसपी मणिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जयकिशन, एडीएम पंकज उपाध्याय,एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

एनएमएचसी की प्रगति की समीक्षा की

## पीएम मोदी ने धोलेरा निवेश क्षेत्र का किया हवाई सर्वे

**नई दिल्ली**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में भव्य रोड शो के साथ अपने दौरे की शुरुआत की। हजारों लोगों के स्वागत के बीच पीएम मोदी ने गांधी मैदान पहुंचें। जहां उन्होंने 34,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें समुद्र से समृद्धि जैसी योजनाएं शामिल हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोथल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी वीडियो में पीएम मोदी को एनएमएचसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिखाया गया। जिसका विकास 4,500 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एनएमएचसी का विकास देश की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीनफील्ड औद्योगिक केंद्र धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र का हवाई सर्वे किया। पीएमओ ने मोदी के हवाई सर्वे का वीडियो फुटेज जारी किया। धोलेरा



विशेष निवेश क्षेत्र अहमदाबाद से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में और राज्य की राजधानी गांधीनगर से 134 किलोमीटर दूर है। डीएसआईआर राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम द्वारा पश्चिमी समर्पित मालवाहक गलियारे के प्रभाव क्षेत्र में औद्योगिक क्लस्टरों और नोड्स का एक रैखिक क्षेत्र बनाने के महत्वाकांक्षी कदम का हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमे सभी क्षेत्रों में एकसाथ काम करना होगा और अब हम जब जानते है कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत सो होकर गुजरता है। इसलिए हमें याद रखना है कि हम जो भी खरीदे स्वदेशी खरीदे, हम जो भी बेचे वो स्वदेशी हो। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी दुकानदारों से आग्रह करता हूं कि आप अपनी दुकानों पर एक पोस्टक लगाए, जिसमें लिखा हो कि गर्व से कहो ये स्वदेशी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। पीएम मोदी ने कहा कि इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। उन्होंने कहा कि करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5प्रतिशत रह गया है।

## जेहि बिधि नाथ होइ हित मोरा, करहु सो बेगि दास में तोरा...

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

श्री रामलीला के प्रथम दिवस नारद मोह और रावण जन्म की लीला का मंचन हुआ, व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने लीला का वर्णन करते हुए कहा महाराजा शीलनिधि की पुत्री राजकुमारी विश्वमोहिनी का स्वयंवर रचाया जाता है। स्वयंवर के समय पर नारद जी राजा के दरबार पहुंचते हैं। महाराजा शीलनिधि द्वारा उनका सत्कार किया जाता है और विश्वमोहिनी का भाग्य देखने का अनुरोध किया जाता है। नारद जी ने विश्व मोहिनी का हाथ देखा और उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए। उसके लक्षण देखकर मुनि अपने आपको भी भूल गए और हृदय में हर्षित हुए, पर प्रकट रूप में उन लक्षणों को नहीं कहा। कन्या के लक्षणों को सोचकर वे मन में कहने लगे कि जो इसे ब्याहेगा, वह अमर हो जाएगा और रणभूमि में कोई उसे जीत न सकेगा। यह शीलनिधि की कन्या जिसको वरेगी, सब चर-अचर जीव उसकी सेवा करेंगे, तो क्यूं न मैं स्वयं ही इसे वर लू, एसा सोंच कर भगवान श्री हरि के पास उनका रूप मांगने जाते हैं, भगवान श्री हरि नारदजी का अहंकार देख कर उन्हें हरि अर्थात बंदर का रूप दे देते हैं। स्वयंवर में अपने अपमान के बाद भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि यही बंदर आपके त्रेता युग में काम आएगा और ऐसा ही स्त्री वियोग आपको भी सहना पड़ेगा। महर्षि बिश्वा के यहां रावण का जन्म होता है , रामलीला में आज व्यास पूजन बसंत अग्रवाल एवं हितेश पांडे ने किया। रामलीला समिति के सदस्यों में प्रेम गुप्ता, अमित जोशी भोलेनाथ केसरवानी, मंजू वार्ष्णेय आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। आज शनिवार को ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी की लीला का मंचन होगा।



## 46वीं पीएसी कर्मी से लोन दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख से अधिक की ठगी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र प्रीत विहार निवासी एक पीएसी जवान से लोन दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस के मुताबिक प्रीत विहार वार्ड 25 निवासी गरीब दास पुत्र स्व-रामलाल, जो पीएसी की 46वीं बटालियन में चालक पद पर कार्यरत हैं।कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपने पुत्र का जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील रुद्रपुर में संपर्क किया। इसी दौरान गांधी कॉलोनी निवासी मोहम्मद सलीम से उनकी मुलाकात हुई। आरोप है कि सलीम ने तहसील में अपनी जान-पहचान का हवाला देकर प्रमाणपत्र जल्दी बनवाने का भरोसा दिलाया और 2100 लेकर जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध भी करा दिया। इससे उसका विश्वास सलीम पर बढ़ गया।

इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को उनकी पत्नी के नाम पर सब्सिडी वाला लोन दिलाने का झांसा दिया और पंजाब नेशनल बैंक से अच्छे संबंध होने का दावा किया। आर्थिक तंगी झेल रहे गरीब दास उसकी बातों में आ गए और मार्जिन मनी के नाम पर अलग अलग किस्तों में करीब 3,75,402 रुपये आरोपी को ाते में ट्रांसफर करने व नगद देने के अलावा तीन ब्लैंक चेक भी सौंप दिए।

## जनपद में 46 परीक्षा केन्द्रों पर 18196 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

**रुद्रपुर।**
हमारे संवाददाता

21 सितंबर दिन रविवार को 11 बजे से 1 बजे तक उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों हेतु लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शान्तिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 46 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें 18196 परीक्षार्थी परीक्षा देगें।



एसडीएम मनीष बिष्ट ने जिला सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, समन्वयको व सैक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जनपद में 46 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। रूद्रपुर/किच्छा में कुल 22 परीक्षा केन्द्र है जिनमें कुल 8710 परीक्षार्थी परीक्षा देगें, खटीमा में 9 परीक्षा केन्द्र है। वहां पर 3390 परीक्षार्थी परीक्षा देगें व काशीपुर में 15 परीक्षा केन्द्र है। यहां पर 6096 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। एसडीएम ने बताया कि परीक्षा कार्य में कोई लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसी टीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्रों में आयोग द्वारा लगाये गये जैमर को पहले ही अवश्य चैक कर लिया जाये कि काम कर रहा है या नही। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी परीक्षार्थियों की वायोमैट्रिक करायी जायेगी। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र में कोई भी व्यक्ति बिना परिचय पत्र के न रहे इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा अवधी में निर्वाध्य विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगें। समस्त परीक्षा केन्द्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित की धारा 163 लागू रहेगी।बैठक में डीईओ हरेन्द्र मिश्रा,ईई विद्युत चंदन सिंह, जीएस कार्की, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, परिवहन कर अधिकारी नन्दन प्रसाद आर्य, सहायक निदेशक रेशम ममता चन्द, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील सहित आयोग के प्रतिनिधि, सैक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित थे।

# टैक्स बार एसोसिएशन ने जताया रोष

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा सुपरिटेंडेंट को सीजीएसटी ऑफिस रामनगर में समाधान के व्यापारियों को आ रही दिक्कत के संदर्भ में ज्ञापन कार्यालय बाबू हरीश त्रिपाठी के माध्यम से दिया गया।

रामनगर में अधिकांश व्यापारी समाधान योजना को अपनाते हैं और समाधान योजना के तहत अपना कर चूका रहे हैं मगर केंद्रीय जीएसटी कार्यालय द्वारा हल्द्वानी के पते से रामनगर के व्यापारियों को समाधान योजना वाले रेगुलर डीलर के रूप में मानते हुए 18% कर चुकाने का नोटिस दिया गया है जो की न्याय संगत ना होकर व द्द्यह्ल के नियमो के विरुद्ध है रामनगर टैक्स भर के अधिकांश अधिवक्ताओं में इस बात पर रोष है कि रामनगर कार्यालय होते हुए भी यहां के अधिकारी ऑफिस को हल्द्वानी से चला रहे हैं जो की नियमानुसार गलत है और इन नोटिसो के साथ-साथ



व्यापारियों के पास कभी हल्द्वानी कभी नोएडा कभी मेरठ और कभी लखनऊ से अपने को केंद्रीय जीएसटी का अधिकारी बताते हुए फोन भी आ रहे हैं।

इसका मतलब केंद्रीय जीएसटी के अधिकारियों के पद का दुरुपयोग भी हो रहा है अत: महोदय से निवेदन है की भी आप समाधान व्यापारियों के समस्याओं को देखते हुए अभिलंब टैक्स भर के पदाधिकारी के साथ बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करें उक्त ज्ञापन रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे उपसचिव मनु अग्रवाल, संजीव अग्रवाल और फैजुल हक द्वारा दिया गया।



# मुख्यमंत्री से मिले एनयूजेआई उत्तराखंड के मुख्य संरक्षक, पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पत्रकारों की समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को प्रेस क्लब हल्द्वानी के अध्यक्ष एवं नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया उत्तराखंड के मुख्य संरक्षक संजय तलवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान तलवार ने पत्रकारों की पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री का सकारात्मक आश्वासन। पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी मांगों पर प्राथमिकता से कार्यवाही का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज़ होते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की जिम्मेदारी है। पत्रकारों के लिए राहत की उम्मीद। मुख्यमंत्री के आश्वासन पर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवार ने आभार जताते हुए कहा कि इससे पत्रकारों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि सरकार का सकारात्मक रुख पत्रकारों के कार्य को और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# भविष्य के सशक्त नेतृत्व के निर्माण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शेरवुड कालेज में गुरुवार को आयोजित भविष्य के सशक्त नेतृत्व के निर्माण विषय पर प्रधानाचार्यों की कार्यशाला में वैश्विक शिक्षा का विकास , नेतृत्व क्षमता और सामाजिक विकास को लेकर गहन मंथन हुआ। विभिन्न प्रांतों से पहुंचे प्रधानाचार्यों में महत्वपूर्ण सुझाव व विचार व्यक्त किए।

विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में आधुनिक शिक्षा के जरिए नेतृत्व संवारने, सशक्त, समावेशी व प्रभावी बनाए जाने का दायित्व शिक्षकों की जिम्मेदारी है, तभी बेहतर समाज की कल्पना को यथार्थ रूप दिया जा सकता हैं। आधुनिक शिक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान और सामाजिक विज्ञान का वृहद स्वरूप है। शिक्षा जगत में भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता, कमांड एंड कंट्रोल, व्यावहारिक कौशल व समावेशिता का महत्व सर्वोपरि हो जाता है। जिसे समझे बिना विकास की कल्पना अधूरी है। बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही नेतृत्व की कुंजी है। कुशल नेतृत्व के अभाव में किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं हैं। शिक्षकों को यह समझना होगा। इस अवसर पर कार्यशाला के आयोजक सिल्वर जोन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर पंकज गेहलोत, आल सेंट्स कालेज प्रधानाचार्य अजीना रिचर्डस, प्रधानाचार्य रश्मि आनंद,अनुराग सिंह, अनुराग मथुर, सिस्टर लूर्ड, रोहित शर्मा, कैलाश देवी, सोहना, कल्पना राघव, योगेश कुमार, डॉ रवि कुमार भावना राणा, डॉ देबारोटी बोस, संदीप चौहान, डॉ मोनिका कपूर, एकता आर्य, भवना भनोत, गौरव पाठक प्रवीण त्यागी, डॉ निशि फोगट वरुण मल्होत्रा व राहुल मल्होत्रा समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।




## NEWS / फटाफट

### कुमाऊं विवि छात्र महासंघ चुनाव होगा 29 को

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के परिसर एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव 27 सितबर 2025 (शनिवार) को एक साथ संपन्न कराए जाएंगे। इस बीच कुविवि के जनसंपर्क अधिकारी डा.रितेश साह के मुताबिक अब विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की स्वीकृति के बाद कुविवि के छात्र महासंघ के चुनाव 29 सिंतबर (सोमवार)को होगें। डा.साह ने बताया कि गत वर्षों की भांति ही इस वर्ष 2025-26 के छात्र महासंघ चुनाव एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्य हेतु प्रो. संजय पंत ( अधिष्ठाता छात्र कल्याण डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल) को दायित्व प्रदान किया गया है। इस बीच विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों से छात्रसंघ एवं छात्र महासंघ -2025-26 के चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को भूमि मुहैया कराकर विस्थापन करेगा प्रशासन

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती बजून के दुधिला गांव में बीते सोमवार को आई आपदा से प्रभावित तीन परिवारों के भूमि मुहैया कराकर विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है, साथ ही उनके जानवरों की सुरक्षा के लिए फि लहाल बजून- अधौड़ा मार्ग में टिन सेड गौशाला बनाया जा रहा है। बता दें कि बीते सोमवार को बजून अधौड़ा मार्ग पर हुए भूस्खलन में बजून के दुधिला गांव में एक भवन के साथ सात मवेशी मिट्टी में दफन हो गए। मलबे से क्षेत्र निवासी भूपाल सिंह ढैला का भवन क्षतिग्रस्त हो गया जबकि पूरन सिंह और हरीश सिंह के भवनों को खतरा बना हुआ है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने परिवारों को क्षेत्र से हटा दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन की ओर से 3 लाख 12 हजार मुआवजा राशि दी गई। प्रशासन की ओर से क्षेत्र में सुरक्षा कार्य के साथ अब प्रभावित परिवारों को विस्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि प्रभावित तीन परिवारों के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। भूमि मिलते ही परिवारों को विस्थापित कर दिया जाएगा।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाए 27 स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल ।** स्वस्थ्य नारी -सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 27 स्वास्थ्य शिविर लगाए। शिविरों में 5411 लोगो का पंजीकरण किया गया, इसमें 263 गर्भवती महिलाओं समेत 944 लोगो की खून की जांच की गई। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि शिविरों में 549 लोगों का टीकाकरण किया गया। इसमें 32 गर्भवती महिलाएं, 142 (0-1वर्ष के बच्चे),36 (1-5 वर्ष के बच्चे)तथा 249 किशोर-किशोरिया शामिल रहीं। इसके साथ ही 2839 के बीपी जबकि 2742 की शुगर की जांच की गई वहीं 2030 की ओरल कैंसर स्क्रिनिग जबकि 1406 की टीबी स्क्रिनिग की गई। इसके अलावा18 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। अभियान के तहत शनिवार (आज) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ डाकटरों की ओर से मरीजों को स्वास्थ्य सलाह दी जाएगी। इस मौके पर बीपी,शुगर की जाँच,अल्परक्त की जाँच, रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण,टीबी की स्क्रीनिंग तथा गर्भवती महिलाओं की जाँच व रजिस्ट्रेशन व औषधि वितरण किया जाएगा।

### पंत विवि के बाह्य परीक्षा समन्वयक के निलंबन पर रोक

**नैनीताल।** उच्च न्यायालय उत्तराखंड ने जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर में बीटेक की कंपार्टमेंट परीक्षा के पेपर लीक मामले में बाह्य परीक्षा समन्वयक डा. एस.के. गोयल को राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी। मामले में शुक्रवार को मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। गोयल ने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि उनको निलंबित करने के साथ साथ उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार (रुद्रप्रयाग) से संबद्ध कर दिया गया है।मामले के अनुसार कंपार्टमेंट परीक्षा का पेपर लीक होने पर अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी डॉ. एस.एस. गुप्ता की ओर से तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी साथ ही पेपर लीक की पुष्टि पर परीक्षा भी निरस्त कर दी गई थी। जांच के बाद कुलपति की संस्तुति पर मुखय कार्मिक अधिकारी डॉ. गौहर ताज ने उन्हें निलंबित कर दिया। डॉ. गोयल ने निर्णय के खिलाफ याचिका दायर कर कहा था कि उनका पक्ष सुने बगैर उन्हें निलंबित कर रुद्रप्रयाग अटैच करने का आदेश जारी कर दिया गया जबकि पेपर लीक के मामले में उनकी कोई गलती नहीं थी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# वार्ड में क्षतिग्रस्त पुलियों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम के वार्ड संख्या 59 में क्षतिग्रस्त पुलियों की समस्या को लेकर स्थानीय पार्षद व समाजसेवी रईस अहमद गुड्डू ने नगर सह आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गौजाजाली उत्तर चौधरी कॉलोनी की दो पुलियां, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की दो पुलियां तथा जोशी विहार की तीन पुलियां और हिमालय स्कूल के पास की पुलिया लंबे समय से जर्जर हालत में हैं।

पार्षद ने बताया कि इन पुलियों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। बरसात के दिनों में पानी भरने से खतरा और बढ़ जाता है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पुलियों की मरम्मत न होने से बच्चों, बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।




# अशासकीय शिक्षकों काली पट्टी बांधकर किया मूल्यांकन कार्य



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों ने एमबी इंटर कॉलेज में सुधार परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया, जिसमें उन्होंने जिलाध्यक्ष शैलेंद्र जोशी और जिला महामंत्री लक्ष्मी दत्त पाठक के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर अपनी एकता और सरकार के प्रति गहरे असंतोष को प्रकट किया।

शिक्षकों के मुताबिक यह कदम सरकार की दोहरी नीतियों के खिलाफ था, जहां राजकीय शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाती है जबकि अशासकीय शिक्षकों को उपेक्षा और सीमित अवसरों का सामना करना पड़ता है।

अशासकीय शिक्षकों की योग्यता और समर्पण राजकीय शिक्षकों से कम नहीं है फिर भी उन्हें महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलता। यह अन्यायपूर्ण स्थिति है जिसे अशासकीय शिक्षक अब और सहन नहीं करेंगे। राजकीय शिक्षकों के आंदोलन से बाधित मूल्यांकन कार्य को अशासकीय शिक्षकों ने पूरा किया जिससे छात्रों का रिजल्ट समय पर आ सके। अशासकीय शिक्षकों की इस भागीदारी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे न केवल अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित हैं बल्कि अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक हैं और उपेक्षा के विरुद्ध अपनी आवाज मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अशासकीय शिक्षकों के योगदान को पहचाना जाए और उन्हें राजकीय शिक्षकों के समान अवसर, सममान और अधिकार प्रदान किए जाएं। यह कार्रवाई शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के हितों की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# अभिमत

## प्रकृति दे रही जवाब

*आपदा का कारण पहाड़ पर पेड़ों का अंधाधुंध कटान है। हमने प्रकृति के साथ इतना अन्याय और हस्तक्षेप किया है कि अब प्रकृति हमें जवाब दे रही है। शीर्ष अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, एनएचआई, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सरकार से अनियोजित विकास और भारी संख्या में पेड़ काटने पर जवाब तलब किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से यह पता चला कि बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी के लट्ठे इधर-उधर बह रहे थे, जो एक नजर में यह दर्शाता है कि पहाड़ पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है।*

मानसून के दौरान अतिवृष्टि होना सामान्य सी बात है। अधिक बारिश होने पर बाढ़ आती है। इस साल उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में आपदा के लिए मनुष्य स्वयं दोषी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हमें विकास को संतुलित करना होगा। आपदा का कारण पहाड़ पर पेड़ों का अंधाधुंध कटान है। हमने प्रकृति के साथ इतना अन्याय और हस्तक्षेप किया है कि अब प्रकृति हमें जवाब दे रही है। शीर्ष अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, एनएचआई, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सरकार से अनियोजित विकास और भारी संख्या में पेड़ काटने पर जवाब तलब किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से यह पता चला कि बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी के लट्ठे इधर-उधर बह रहे थे, जो एक नजर में यह दर्शाता है कि पहाड़ पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है। पर्वतीय क्षेत्र में सड़कों के निर्माण में नियमों की अवहेलना की गई है। प्राकृतिक जलस्रोतों पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य हो रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और जल शक्ति मंत्रालय हिमालयी क्षेत्र की नदियों तथा पारंपरिक जलस्रोतों को बचाने का कर्तव्य निभाने में विफल हैं। हिमालयी राज्यों की प्राचीन पारिस्थितिकी की रक्षा के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के पास समर्पित आपदा प्राधिकरण है, लेकिन आपदा रोकने और क्षति को कम करने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं होने से हर साल आपदायें बढ़ती जा रही हैं। उत्तराखंड में सड़क चौड़ीकरण का दौर चल रहा है। मैदानी क्षेत्र में सड़क किनारे के पेड़ों को काटा जा रहा है। पहाड़ पर सड़क चौड़ी करने और नई सड़क निर्माण के लिए पेड़ काटने के साथ पहाड़ को मशीनों से काटा जा रहा है। मशीन से पेड़ काटने पर पूरी पहाड़ी दरक जाती है। पहाड़ पर दरारें पड़ गई हैं। बारिश होने पर भूस्खलन होता है। उत्तरकाशी में पिछले साल भवनों और जमीन में दरारें पड़ने पर अनेक भवन गिराये गये थे। इस साल थराली और धराली में बादल फटने से तबाही मची। बादल फटने पर पानी को नदी में बहने का रास्ता मिल जाये तो जान-माल की क्षति नहीं होती है। अवैध तरीके से नदियों के रिस्क जोन में अतिक्रमण करके निर्माण कार्य किया गया है। धराली में पूरा बाजार खीर गंगा किनारे अवैध रूप से बना था। खीर गंगा के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटने से आपदा का सामना करना पड़ा। पंजाब और अन्य राज्यों में भी नदियों के किनारे अवैध निर्माण के कारण बाढ़ से तबाही मची।

# बीएसएसवी में हिंदी पखवाड़े के तहत कई कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की प्रधानाचार्या श्रीमती तारा बोरा, विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता नागेन्द्र नाथ व विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा इस अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया और हिन्दी गीत- हिन्दी है भारती की.. प्रस्तुत किया और विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कवि दरबार लगाया गया, जिसमें विभिन्न कालों के कवि जैसे- सूरदास, तुलसीदास, कबीरदास, सुभद्राकुमारी चौहान, मीराबाई, गिरदा, शेरदा, रामधारी सिंह दिनकर, द्रोपदी, नन्दिनी साहू आदि का किरदार निभाया गया जो बहुत आकर्षक रहा। इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग द्वारा वार्षिक गृह परीक्षा में हिन्दी विषय में प्रत्येक कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को तथा परिषदीय परीक्षा में हाईस्कूल व इण्टर हिन्दी में



90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष विद्यालय के छात्रा साक्षी बिष्ट कक्षा 10 को हिन्दी में 1000 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तथा छात्र नैतिक आकाश कक्षा 11 को यात्रा वृतान्त लेखन में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर देहरादून में पुरस्कृत किया गया, जिनको विद्यालय में भी हिन्दी विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि तारा बोरा प्रधानाचार्या, रा0श0सै0स्मारक विद्यापीठ ने अपने संबोधन में उपरोक्त सभी छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभ-कामनायें दी और उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हमें हिन्दी भाषा को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता नागेन्द्रनाथ ने भी हिन्दी दिवस की सभी को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है, आधुनिक युग के दौर में हिन्दी की महत्ता और अधिक हो गयी है। कार्यक्रम का संचालन आलोक भट्ट व छात्रा सुनैना ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ0 नीलम, चन्द्र प्रकाश, मनोज कुमार, नेहा, डॉ0 रेनू, आलोक साह, सागर, मंजू, मीनाक्षी, महेश, दरपान, नवीन पाठक, गीतिका, निशा, अवन्तिका, दिव्या, भावना आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी का आभार जताया।

## नैनीताल के पाईंस श्मशान घाट की सफाई होना बेहद जरूरी

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद की हरिनगर वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार ने कहा है कि वर्तमान में नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में स्थित पाईंस श्मशान घाट की सफाई नहीं होने से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए शीतल ने पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन भेजकर त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की है। सभासद शीतल कटियार के मुताबिक श्मशान घाट मुख्य सड़क से लेकर घाट की तरफ को जाने वाले मार्ग (सीढ़ियों) काफी काई जमा होने से फिसलन हो रही है जिससे कि हर वक्त दुर्घटना का भय बना हुआ है,कहा कि इस स्थान पर जनहित को ध्यान में रखते हुए काई की सफाई करने के साथ ही सीढ़ियों में बलीचिंग पाउडर तथा चूने का छिड़काव किया जाना नितांत जरुरी है।

# नैनीताल जू में अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

निदेशक प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग चंद्रशेखर जोशी के विशेष दिशा निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके तहत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 10 से कक्षा 12 के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसका विषय थीम फ्राम साईंस टू गलोबल एकशन के अनुसार रहा। इसके अलावा कविता लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 06 से कक्षा 9 के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कविता प्रतियोगिता का विषय एक छिद्र आसमान में रहा। इसके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 5 के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा। प्रदत्त शीट में वन्य प्राणी का आउट



लाईन/ढांचा प्रिन्ट कर दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल परिसर में विद्यमान प्राकृतिक सामग्री (जैसे फूल,पक्षी, मिट्टी आदि) से उस वन्य प्राणियों के आउट लाईन/ढांचा को भरा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कुल 150 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट नैनीताल प्राणी उद्यान) नैनीताल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आनन्द लाल, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान, जगदीश सिंह कोरंगा, वन दरोगा, नितिन मुकेश, वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल ने सभी का आभार जताया।

# फिल्मी दुनिया

## ट्विंकल खन्ना के साथ मूवी डेट पर निकले अक्षय कुमार



*फिल्म जॉली एलएलबी 3 की रिलीज के बाद अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना को मूवी डेट पर देखा गया। इस दौरान दोनों ने पैपराजी को पोज दिए। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ मूवी डेट पर गए। उन्होंने अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 देखी। उनकी मौजूदगी ने फिल्म के प्रति लोगों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार और उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना काफी स्टाइलिश लग रहे थे। दोनों ने साथ में अच्छा वक्त बिताया। मुंबई में सिनेमा हॉल के बाहर अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी को प्यार से पकड़ा हुआ था। इस बीच वह पैपराजी को पोज दे रहे थे। हिट फ्रैंचाइजी जॉली एलएलबी की तीसरी फिल्म में अक्षय कुमार जॉली मिश्रा और अरशद वारसी जॉली त्यागी की भूमिका में हैं। इसमें सौरभ शुक्ला, गजराज राव, अमृता राव और हुमा कुरैशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 12 करोड़ रुपये की कमाई की। इस कमाई को औसत बताया जा रहा है।*

### फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया

*फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। अमर उजाला ने फिल्म को 3.5 स्टार की रेटिंग दी है। समीक्षक ने लिखा है जॉली एलएलबी 3 एंटरटेनमेंट और सामाजिक संदेश दोनों का मेल है। अक्षय और अरशद की टक्कर, सीमा बिस्वास का भावुक अभिनय, राम कपूर की मजबूत वकालत और गजराज राव का दमदार भ्रष्ट कारोबारी का किरदार, ये सब फिल्म को देखने लायक बनाते हैं। हालांकि, ओवरड्रामेटिक सीन्स, कमजोर महिला किरदार और फीका संगीत इसकी चमक कुछ कम कर देते हैं।*

# जौनसारी की स्पेलिंग राज्य बनने के दौरान केंद्र सरकार के गजट में गलत छप जाने का मामला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के जौनसार में रहने वाले जौनसारी की स्पेलिंग राज्य बनने के दौरान केंद्र सरकार के गजट में गलत छप जाने के कारण यहां पर रह रहे पिछड़ी जाति के लोगो को केंद्र से उनके लिए जारी योजनाओं का लाभ न मिलने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिये हैं कि स्पेलिंग सही करने के लिए केंद्र सरकार 6 हफ्ते में निर्णय लेकर अपना शपथपत्र पेश करे। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 6 बाद की तिथि नियत की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि जब राज्य का पुनर्गठन हुआ था तब जौनसार क्षेत्र का नाम जारी केंद्र के नोटिगिकेश के अंग्रेजी भाषा की स्पेलिंग में लिखने पर गलती हुई है।

तब से अब तक इसपर किसी सरकार ने विचार नहीं किया। अब इसको संसोधन केंद्र सरकार ही कर सकती है क्योंकि इसपर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हुए हैं। बिना केबिनेट की बैठक व उसके निर्णय तथा राष्ट्रपति की स्वीकृति के ही इसे नही सुधारा जा सकता। इसलिए इसकी स्पेलिंग में सुधार किया जाय। इसको सही करने के लिए इनके आयोग के अध्यक्ष व राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र भेजा है लेकिन उसपर अभी तक उस पर कोई निर्णय नही लिया गया। इस मुद्दे को विकास नगर निवासी मधु चौहान ने जनहित याचिका दायर कर कोर्ट के सममुख रखा।

# तो अबकी बार 10 दिनों की होगी शारदीय नवरात्र

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल के समीपवर्ती गेठियां गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी की मानें तो अबकी बार 22 सितंबर यानी सोमवार से शुरु होने जा रही शारदीय नवरात्र दस दिनों के होंगे जबकि हाथी पर सवार होकर आएगी माता रानी। नवरात्र का समापन 1 अकटूबर यानी बुधवार को होगा।

आचार्य जोशी के मुताबिक 22 सितंबर (सोमवार) को यदि प्रतिपदा तिथि की बात करें तो 52 घड़ी 10 पल अर्थात अगले दिन प्रात 2.56 बजे तक प्रतिपदा तिथि रहेगी। इस दिन उत्तरा फ ाल्गुनी नामक नक्षत्र प्रातः11.24 बजे तक है। शुभ योग शाम7.59 बजे तक है। यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जानें तो इस दिन चंद्र देव पूर्ण रूपेण कन्या राशि में विराजमान रहेंगे। 22 सितंबर (सोमवार) को कलश स्थापना या घट स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 6 बजकर 9 मिनट से प्रातः 8 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। इस दौरान यदि घट स्थापना ना हो सके तो अभिजीत मुहूर्त में भी घट स्थापना की जा सकती है। घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त प्रातः 11 बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। पहले नवरात्र को कलश स्थापना के साथ पूरे 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है जैसा कि दुर्गा सप्तशती में उल्लेख किया गया है। प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी। तृतीयं चंद्रघंटेत कुष्मांडलेति चतुर्थकम। पंचमं स्कंदमातेति षष्टं कात्यायनीती च। सप्तम कालरात्रि च महागौरीतिचाष्टमं। नवम सिद्धिदात्री च ।नवदुर्गा प्रतेतिता। कलश स्थापना के साथ पूरे 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है इस वर्ष 2025 में शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ 22 सितंबर सोमवार से होगा। इस वर्ष मां दुर्गा हाथी की सवारी पर धरती लोक में पधारेंगी। जिस दिन से नवरात्रि का प्रारंभ होता है उसी दिन के अनुसार माता अपनी सवारी अपने वाहन पर सवार होकर आती है। माता अपने भक्तों को एक विशेष प्रकार की सांकेतिक सूचना भी देती है। देवी भागवत पुराण में मां दुर्गा की सवारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। जिससे आप यह पता लगा सकते हैं कि किस दिन किस सवारी से माता धरती पर पधारती है जिस संबंध में एक महत्वपूर्ण श्लोक लिखा है- 'शशि सूर्य गजरूढा शनिभौमे तुरंग मे।''गुरौशुक्रेच दौलायां बुधे नौकाप्रकीर्तिता।।'अर्थात इस श्लोक के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से प्रारंभ होती है तो माता हाथी पर विराजमान होकर आती है। यदि नवरात्रि शनिवार या मंगलवार से प्रारंभ हो तो माता की सवारी घोड़ा होती है।

वहीं यदि शुक्रवार और गुरुवार को नवरात्रि प्रारंभ हो तो माता रानी डोली में आती है और अंत में यदि नवरात्रि प्रारंभ बुधवार से हो तो माता का आगमन नौका पर होता है। वैसे माता का मुखय वाहन सिंह है इसलिए इसे सिंह वाहिनी भी कहते हैं इसी प्रकार अनेक वाहनों पर सवारी का अर्थ भी भिन्न.भिन्न होता है अर्थात हाथी की सवारी का अर्थ सांकेतिक अधिक वर्षा माना जाता है। इसका अर्थ है कि इस बार वर्षा अधिक होगी, जिसके प्रभाव से चारों ओर हरियाली होगी।नवरात्रि का समापन 1 अकटूबर (बुधवार) को होगा और 2 अकटूबर(वीरवार) को विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा।

## News कॉर्नर

### नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में सुनवाई होगी अब 25 को

**नैनीताल ।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल में 12 वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपित ठेकेदार मोहमद उस्मान खान की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर (वीरवार) की तिथि नियत की है।न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार नैनीताल में बीते 300 अप्रैल 2025 को मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना को 12अप्रैल का बताते हुए 12 वर्षीय नाबालिग ने 71 साल के उस्मान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत पीड़िता की मां ने मल्लीताल कोतवाली में दर्ज कराई थी। उस्मान ने हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दायर की थी। उस्मान के अधिवक्ता ने कोर्ट से पीड़िता के बयान में बहुत अंतर होने और सीसीटीवी में आरोप की पुष्टि न होने की बात कहीं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मेडिकल रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की समुचित पुष्टि नहीं हुई है।

### निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नैनीताल ।** नैनीताल समाचार की निबंध प्रतियोगिता विगत वर्ष की भांति इस बार भी चेतराम साह ठुलघरिया (सी.आर.एस.टी.) इंटर कॉलेज में रविवार, 21 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से होगी। वर्ष 1992 से प्रारम्भ हुई इस प्रतियोगिता का यह 31वाँ संस्करण है। नैनीताल बैंक के आर्थिक सहयोग से होने वाली इस प्रतियोगिता में तीन वर्ग होते हैं, कनिष्ठ (कक्षा 4,5 व 6); मध्यम (कक्षा 7,8 व 9) तथा वरिष्ठ (कक्षा 10,11 व 12)। प्रतियोगियों को विषय ठीक प्रतियोगिता शुरू होते समय दिये जाते हैं। नैनीताल नगर और आसपास खुर्पाताल, ज्योलीकोट, भवाली, भीमताल से भी बच्चे उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भागीदारी करते हैं।

# आईजी ने ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड बनाने को किया पूरा खाका तैयार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के विजन को सफल बनाने के लिए आई जी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल ने पूरा खाका तैयार कर लिया है ।

कुमाऊं की धरती को नशा तस्करों से मुक्त कराने के लिए उन्होंने बेहद ही कठोर कदम उठा नशा कारोबारियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए एक मिशन शुरू कर मुख्यमंत्री के ड्रग फ्री उत्तराखंड मिशन को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए अपनी कमर कस ली है, उनको देख ये तो साफ़ हो गया है की आने वाले कुछ ही दिनों में नशा तस्करों के खलिाफ़ आई जी की एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है। आईजी कुमायूँ श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल की पहल पर क्षेत्र में सक्रिय लगभग 215 आदतन नशा तस्करों, जिन पर 2 या उससे अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए हर संदिग्ध पर एक-एक उपनिरीक्षक व अपर उपनिरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञातव्य है कि आधुनिक समाज में युवाओं के बीच मादक पदार्थों का प्रचलन आज एक भयावह चुनौती के रूप में सामने खड़ा है। नशे का जाल इतना गहरा होता जा रहा है कि अब यह केवल युवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि किशोरावस्था के बच्चों से लेकर वयस्कों तक को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। यह प्रवृत्ति न केवल उनके स्वास्थ्य और भविष्य को अंधकारमय बना रही है, बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी हिला रही है।

नशे की आसान उपलब्धता और तस्करों की संगठित गतिविधियाँ इस समस्या को और विकराल रूप दे रही हैं। ऐसे कठिन समय में कुमायूँ पुलिस ने ठान लिया है कि नशा कारोबारियों को अब चैन से सांस नहीं लेने दिया जाएगा। उनकी हर गतिविधि पर गुप्त और सघन निगरानी रखी जाएगी तथा योजनाबद्ध तरीके से उन्हें कानून के शिकंजे में कसते हुए कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह केवल एक कानून-व्यवस्था का कदम नहीं है, बल्कि समाज को नशे के चंगुल से मुक्त कराने और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है।

सभी नामित उपनिरीक्षक एवं अपर उपनिरीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके जिम्मे लगाए गए संदिग्धों की वर्तमान आजीविका, रहन-सहन और रोज़मर्रा की गतिविधियों की गहन जांच की जाए। यह भी देखा जाएगा कि संदिग्ध अथवा उसके परिजनों का जीवन स्तर उनकी आय के ज्ञात स्रोतों के अनुरूप है अथवा नहीं। यदि किसी भी प्रकार की असमानता या संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिलते हैं तो उसकी तत्काल तस्दीक कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

# हाईकोर्ट ने जल विद्युत निगम के जेई की वरिष्ठता सूची को चुनौती देती याचिकाएं खारिज की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने जल विद्युत निगम के जूनियर इंजीनियरों की वरिष्ठता सूची को चुनौती देती याचिकाएं खारिज कर दी हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता राजबीर सिंह व अन्य ने 3 जुलाई 2012 के उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी वरिष्ठता सुधारने की याचिका खारिज कर दी गई थी। उनका कहना था कि वे 28 दिसंबर 2002 को नियुक्त हुए जबकि निजी प्रतिवादी 12 मार्च 2003 को नियुक्त हुए। इस आधार पर उनकी वरिष्ठता ऊपर रखी जानी चाहिए थी।

याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि सेवा शर्तें और वरिष्ठता निर्धारण1972 एवं 1988 के नियमों से संचालित होते हैं जिन्हें यूजेवीएनएल ने अपनाया है। उनका कहना था कि नियुक्ति की तिथि वरिष्ठता तय करने में महत्वपूर्ण है और चूंकि उनकी नियुक्ति पहले हुई वे वरिष्ठता में ऊपर होने चाहिए जबकि यूजेवीएनएल और निजी प्रतिवादियों ने कहा कि दोनों पक्षों की नियुक्ति नवंबर 2001 की एक ही विज्ञप्ति और एक ही चयन प्रक्रिया से हुई थी। नियम 8 (2-अ)(1998 के वरिष्ठता नियम) के अनुसार सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारियों की आपसी वरिष्ठता चयन समिति द्वारा तय मेरिट के आधार पर होगी न कि केवल नियुक्ति की तिथि से। निजी प्रतिवादी मेरिट सूची में ऊपर थेए इसलिए उनकी वरिष्ठता सही है। न्यायालय ने माना कि दोनों पक्षों की नियुक्ति एक ही विज्ञापन और चयन प्रक्रिया से हुई। इसलिए पहले नियुक्त होना स्वतः वरिष्ठता नहीं देता और मेरिट ही वरिष्ठता का आधार होगा। इस आधार पर याचिकाकर्ताओं की दलील अस्वीकार करते हुए कहा कि 6 फ रवरी 20100 की वरिष्ठता सूची वैध है और इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

# श्रम विभाग कार्यालय की स्थापना में स्थानीय जनता का व्यापक समर्थन मिला

नैनीताल/भीमताल
हमारे संवाददाता



लंबे समय से सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा की जा रही मांग के बाद अब भीमताल में श्रम विभाग कार्यालय की स्थापना की संभावना प्रबल हो गई है।

इस मांग को स्थानीय जनता का व्यापक समर्थन मिला। परिणामस्वरूप श्रम विभाग ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर आशा पुरोहित ने पूरन बृजवासी को बताया की शीघ्र ही इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर बोर्ड को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्यालय की स्थापना को अंतिम मंजूरी दी जाएगी। यह कार्यालय न केवल भीमताल नगर बल्कि रामगढ़, ओखलकांडा और धारी ब्लॉक के श्रमिकों के लिए भी वरदान साबित होगा। अब तक इन क्षेत्रों के श्रमिकों को छोटी-छोटी आवश्यकताओं और योजनाओं के लिए हल्द्वानी तक लंबी यात्रा करनी पड़ती थी। पूरन बृजवासी ने कहा यह कार्यालय श्रमिकों के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करेगा। साथ ही, रोजगार संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान में भी मददगार होगा। स्थानीय लोगों ने इस खबर का हर्षोल्लास से स्वागत किया। रामगढ़ के श्रमिक गोविंद सिंह ने कहा कि अब समय और धन दोनों की बचत होगी। ओखलकांडा की राधा देवी ने इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए लाभकारी बताया। वहीं धारी ब्लॉक के मजदूर रामलाल ने इसे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर कहा। श्रम विभाग कार्यालय खुलने से मजदूरी भुगतान, पेंशन, बीमा और अन्य श्रम कल्याणकारी योजनाओं तक श्रमिकों की पहुंच आसान होगी। साथ ही श्रम विवादों के समाधान और अधिकारों की रक्षा भी स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी। व्यापार मंडल और सामाजिक संगठनों ने भी इस पहल की सराहना की है। भीमताल देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप पांडेय ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में नया अध्याय जोड़ेगा।

### रुपये लेने के बाद भी नहीं भेजा लंदन, रुपये भी नहीं लौटाए, मामला पहुंचा पुलिस कार्यालय

**रुद्रपुर।** कोतवाली सितारगंज क्षेत्र निवासी दो युवकों ने एक इमीग्रेशन संचालक पर रुपये लेने के बाद भी लंदन नहीं भेजने और कॉलेज का फर्जी अफ्वल लेटर देने का आरोप लगाया है। दोनों पीड़ित कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे और उन्होंने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। सितारगंज निवासी गुरप्रीत सिंह और मनवीर सिंह ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन जाना चाहते थे।

# नहीं रहे नैनीताल के बुर्जुग व्यापारी अबदुल अजीज

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नगर के तल्लीताल बाजार के वरिष्ठ व्यापारी अबदुल अजीज (75) का बीमारी के चलते शुक्रवार को अपराह्न करीब 2.30 बजे निधन हो गया। निधन की खबर से शहर गमगीन हो गया और लोग उनके घर में दुख व्यक्त करने पहुंचने लगे।

बता दें वह पिछले लगभग 10 दिनों से वह बीमार थे और उनका उपचार हल्द्वानी के निजी चिकित्सालय में चल रहा था जहां उन्होंने आज अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे तीन पुत्र सरफ राज, इमरान और मोहमद शाहनवाज तथा तीन पुत्री व नाती व पोते का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनके पुत्र सरफ राज ने बताया ईशा की नमाज के बाद लगभग 100 बजे रात्रि में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन शाह, उपाध्यक्ष नासिर खान, महिला उपाध्यक्ष ममता जोशी, महासचिव अमनदीप आनंद तथा उप सचिव जयंत उप्रेती, कोषाध्यक्ष हरीश लाल समेत महफूज सिद्दीकी, राजेंद्र मनराल, योगेश शाह, संतवीर सिंह, सुखदीप आनंद, विजय नारंग, मोहमद अकमल, मोहमद दानिश, एहसान खान तथा पप्पू भाई सहित सभी ने दुख व्यक्त किया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय, हल्द्वानी में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे, उत्तराखंड के निर्देशन में स्वच्छोत्सव 2025 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आज चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने की।



प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन या अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। अगर हम छोटे-छोटे प्रयास नियमित रूप से करते रहें तो हमारा परिसर, हमारा शहर और हमारी गंगा सदैव स्वच्छ बनी रह सकती है। छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुतियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि वे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हैं। नोडल अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि प्रतियोगिता में नमामि गंगे, एनएसएस एवं एनसीसी इकाई की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को प्रसारित किया। निर्णायक मंडल में डॉ0 नेहा सिंह एवं डॉ0 रेनू जोशी रहीं। उन्होंने परिणाम की घोषणा करते हुए विजेताओं के नाम प्रस्तुत किए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः महक साहू, बीए तृतीय सेमेस्टर,द्वितीय स्थानः अंजलि, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं ईशा मेहरा, बीए तृतीय सेमेस्टर,तृतीय स्थानः त्रृषिका, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं शिप्रा, बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।स्लोगन प्रतियोगिता मेंप्रथम स्थानः प्रियंका, बीए पंचम सेमेस्टर,द्वितीय स्थानः खुशी साहू, बीए तृतीय सेमेस्टर एवं अनुष्का भट्ट, बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर,तृतीय स्थानः अंजलि, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं इशिका पांडे, बीए पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गीता पंत ने किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 फकीर सिंह, डॉ0 हिमानी सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।